an>

Title: Issue regarding admission criteria in University of Delhi.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मानव संसाधन मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि एक ओर माननीय प्रधानमंत्री ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान शुरु किया है वहीं दूसरी ओर स्टेट बोर्ड से हमारी बेटियां दिल्ली युनिवर्सिटी में एडमिशन लेने आती हैं लेकिन दिल्ली युनिवर्सिटी ने नया कानून बनाकर उनके मार्क्स में दस प्रतिशत की कटौती की है। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि या तो एचआरडी मिनिस्ट्री स्टेट बोर्ड को गाईडलाइन दे नहीं तो दिल्ली युनिवर्सिटी को आदेश दे ताकि हमारे बहनों और भाइयों को, जो स्टेट बोर्ड में 90-96 परसेंट लेकर आए हैं, बराबर मात्रा में दिल्ली युनिवर्सिटी में एडमिशन मिल सके। धन्यवाद।